पलामू में होगा इप्टा का 15वाँ राष्ट्रीय महाधिवेशन

चर्चा में क्यों?

9 अक्टूबर, 2022 को भारतीय जन-नाट्य संघ **(Indian People's Theater Association- IPTA)** की झारखंड इकाई के राज्य परिषद की श्यामल मल्लिक की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिये गए निर्णयानुसार इप्टा का 15वाँ राष्ट्रीय महाधिवेशन राज्य के पलामू ज़िले के अंतर्गत मेदिनीनगर (डाल्टनगंज) शहर में आयोजित किया जाएगा।

प्रमुख बिंदु

- इस महाधिवेशन के प्रचार-प्रसार के लिये आठ सदस्यीय तदर्थ कमेटी बनाई गई है। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि दिसंबर 2022 तक राज्य की सभी शाखाएँ सम्मेलन कर राष्ट्रीय महाधिवेशन के प्रतिनिधियों का चयन करें।
- बैठक में कहा गया कि राष्ट्रीय महाधिवेशन के सफल आयोजन को लेकर सबकी भूमिका महत्त्वपूर्ण है तथा सभी शाखाएँ अपने-अपने क्षेत्र में सम्मेलन कर राष्ट्रीय महाधिवेशन के सफल आयोजन में महती भूमिका निभाएँ।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/15th-national-convention-of-ipta-to-be-held-in-palamu